मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-323
23/05/2023

# पूर्व सांसद श्री शिवानंद तिवारी की धर्मपत्नी स्व0 बिमला देवी के अंतिम संस्कार में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 23 मई 2023 :– पूर्व सांसद श्री शिवानंद तिवारी की धर्मपत्नी स्व0 बिमला देवी का आज दीघा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दीघा घाट पर स्व0 बिमला देवी के पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया तथा पुष्प अर्पित कर अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

इस दौरान पूर्व सांसद श्री शिवानंद तिवारी, पूर्व मंत्री श्री अब्दुलबारी सिद्दीकी, विधायक श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, पूर्व सांसद श्री शिवानंद तिवारी के पुत्र विधायक श्री राहुल तिवारी सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******